# आकाशवाणी शिमला
## 16.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे

**मुख्य समाचार**

- **प्रदेश मंत्रिमण्डल ने राज्य में तीन नए नगर निगम गठित करने का लिया निर्णय– लोक निर्माण विभाग के मल्टी टास्क वर्करों का मानदेय बढ़ा।**
- **राज्य सरकार सीपीएस मामले में हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में देगी चुनौती।**
- **राष्ट्रीय प्रैस दिवस पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पत्रकारिता के मूल्यों को बचाए रखने में मीडिया कर्मियों की भूमिका को बताया महत्वपूर्ण।**
- **संजौली मस्जिद मामले में शिमला नगर निगम आयुक्त की अदालत ने संजौली मस्जिद कमेटी और वक्फ बोर्ड को अन्य दो मंज़िलों पर भी अपना रूख स्पष्ट करने को कहा।**

**मंत्रिमंडल**

प्रदेश मंत्रिमंडल ने राज्य में तीन नए नगर निगम बनाने को मंजूरी दी है। इनमें ऊना, बद्दी और हमीरपुर नगर निगम शामिल है। शिमला में आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। इसके अलावा दो नए नगर परिषद और पांच नई नगर पंचायतों के गठन को भी मंजूरी दी गई। विभिन्न स्थानीय निकायों के दायरे में अतिरिक्त क्षेत्र को समाहित करने को भी स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल ने लोकनिर्माण विभाग में मल्टी टास्क वर्करों का मानदेय 4 हजार 5 सौ रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये करने का निर्णय भी लिया। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने 70 वर्ष से अधिक की आयु के सभी बुजुंर्गों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। इस योजना के तहत पहले से पंजीकृत 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों को 5 लाख रुपये तक का अतिरिक्त टॉप अप कवर प्रदान किया जाएगा। बैठक में राज्य भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत अढ़ाई लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाली विधवा, एकल नारी, परित्यक्त और दिव्यांग महिलाओं को घर बनाने के लिए तीन लाख रूपए की सहायता राशि देने को मंजूरी दी गई। परित्यक्त बच्चों को 27 वर्ष की उम्र तक मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के लाभ प्रदान करने का निर्णय भी लिया गया।

**मंत्रिमंडल –2**

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मंत्रिमंडल ने सीपीएस मामले में भी चर्चा की है और राज्य सरकार प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीमकोर्ट में चुनौती दे रही है। मंत्रिमंडल की बैठक में हाईकोर्ट के फैसले के कानूनी पहलुओं पर भी चर्चा की गई।

इसके अतिरिक्त राजीव गांधी स्टार्टप योजना–2023 लागू करने को भी मंत्रिमण्डल की बैठक में मंजूरी प्रदान की गई। इसके तहत विभिन्न विभागों से संबद्ध ई–टैक्सी मालिकों को न्यूनतम 50 हजार रुपये का किराया प्रदान किया जाएगा। हमीरपुर मैडिकल कॉलेज में रेजिडेंट डॉक्टरों के 30 पद और सहायक स्टॉफ के 3 सौ 26 पद सृजित करने पर भी मंत्रिमंडल ने मुहर लगाई। इसके अलावा मत्स्य विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 28 पद, कर व आबकारी विभाग में सहायक राज्य कर व आबकारी अधिकारियों के 25 पद और राज्य चयन आयोग हमीरपुर में विभिन्न श्रेणियों के 10 पद भरे जाएंगे। इसके अलावा कई अन्य विभागों में भी अनेक पद सृजित करने को मंजूरी दी गई।

**राष्ट्रीय प्रेस दिवस**

देशभर में आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। समाज में स्वतंत्र और उत्तरदायी प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में हर वर्ष 16 नवम्बर को प्रेस दिवस मनाया जाता है। शिमला में हुए राज्य स्तरीय समारोह में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि तकनीक ने पत्रकारिता का स्वरूप बदल दिया है और इस बदलाव के कारण पत्रकारिता के मूल्यों को बचाए रखने में मीडिया कर्मियों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में पत्रकारिता के समक्ष कई चुनौतियां उभर कर सामने आई हैं और इन्हें दूर करते हुए मीडिया समाज तक सटीक व तथ्यात्मक जानकारी पहुंचाने में मदद करता है। मुकेश अग्निहोत्री ने मीडिया कर्मियों से सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों को पात्र लोगों तक पहुंचाने की अपील भी की।

**कंप्यूटर शिक्षक**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार कंप्यूटर अध्यापकों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी और उनके हितों को ध्यान में रखा जाएगा। राज्य कंप्यूटर शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष सुमन ठाकुर के नेतृत्व में आज शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट की और उन्हें अपनी मांगों से अवगत कराया। सुमन ठाकुर ने कहा कि कंप्यूटर शिक्षक सरकारी स्कूलों में पिछले 24 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जबकि उन्हें नियमित करने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कंप्यूटर शिक्षकों को नियमित करने सहित अपनी अन्य मांगे भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

**संजौली मस्जिद**

संजौली मस्जिद मामले में आज नगर निगम आयुक्त शिमला की अदालत में सुनवाई हुई। नगर निगम आयुक्त भुपेन्द्र अत्री ने संजौली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष और वक्फ बोर्ड को शेष दो फलोर पर भी अपना जवाब दाखिल करने के आदेश दिए हैं। इससे पहले नगर निगम आयुक्त की अदालत में मस्जिद के तीन फलोर हटाने के आदेश दिए थे जो अभी भी बरकरार है। अदालत ने अब ग्राउंडफलोर और पहले फलोर पर भी अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। इसके बाद ही मामले की सुनवाई को लेकर नई तिथि तय की जाएगी।

**गोमा**

आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा ने प्रदेश के भाजपा नेताओं पर देश के दूसरे राज्यों में जाकर तथ्यहीन और भ्रामक बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा नेता अपने ही प्रदेश की छवि को खराब करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। गोमा ने कहा कि देश भर में हिमाचल की छवि स्वच्छ, ईमानदार और सशक्त राज्य की है जबकि भाजपा नेता राजनैतिक सवार्थ के लिए झूठे बयान दे रहे हैं। आयुष मंत्री ने दावा किया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने लगभग दो वर्ष के कार्यकाल में लोगों को दी गई गारंटियों से बढ़कर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी सभी गारंटियों को पूरा करेगी। यादवेंद्र गोमा ने कहा कि सरकार ने लगभग 30 हजार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए हैं और कर्मचारियों को पुरानी पैंशन योजना भी बहाल की है।

**भाजपा**

इस बीच प्रदेश भाजपा महासचिव बिहारी लाल शर्मा ने कहा है कि विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर दूसरे राज्यों में जाकर कांग्रेस की सच्चाई बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में अपनी एक भी गारंटी पूरी नहीं की है और कांग्रेस नेता सिर्फ झूठी ब्यानबाजी करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी के मुताबिक न

तो हिमाचल में युवाओं को रोजगार मिला, न महिलाओं को 15 सौ रुपये और न ही किसानों को उनका हक। बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि सच्चाई बताने पर कांग्रेस नेताओं को तकलीफ हो रही है जबकि कांग्रेस पार्टी के झूठ को उजागर करना भाजपा नेताओं की जिमेदारी है।

**रोगी कल्याण समिति**

रोगी कल्याण समितियों को सशक्त करने के लिए सिफारिशें प्रदान करने को लेकर गठित मंत्रिमंडलीय उपसमिति की आज शिमला में एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपसमिति के अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने की। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और आयुष मंत्री यादविंदर गोम्मा भी बैठक में मौजूद रहे। धनीराम शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य कर रही है और सभी स्वास्थ्य संस्थानों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों और पैरामैडिकल स्टॅाफ के खाली पद भरने को प्राथमिकता दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि रोगी कल्याण समितियों को सुदृढ़ किया जा रहा है और ये समितियां स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में निरंतर कार्य कर रही हैं।

**बीएसएनएल**

चंबा ज़िले की जनजातीय पांगी घाटी में आज से बी.एस.एन.एल. की 4<sup>जी</sup> सेवाएं शुरू हो गई हैं। निगम के अधिशाषी अभियंता बलवंत शर्मा ने बताया कि सेरी–भटवास–किलाड़ में निगम के टॉवर क्रियाशील हैं और पांगी घाटी के लोगों को उच्च गति की इंटरनेट सेवाएं व बेहतर संचार सुविधाएं मिल रही हैं।

**पैराग्लाईडिंग**

कांगड़ा ज़िले में धर्मशाला के निकट नरवाणा पैराग्लाईडिंग साईट में आज से धौलाधार पैराग्लाईडिंग एक्यूरेसी कप शुरू हो गया है। इसमें भारत सहित 13 देशों के एक सौ सात पैराग्लाईडर भाग ले रहे हैं। एक्यूरेसी कप का अयोजन राज्य के एडवेंचर स्पोर्टस फैडरेशन और नरवाणा पैराग्लाईडिंग एसोसिएशन द्वारा करवाया जा रहा है। नरवाणा में लैंडिंग से टेकऑफ का समय 15 मिनट है और फलाईंग समय 5 मिनट है।

**मौसम**

प्रदेश में बदलते मौसम के बीच ऊपरी इलाकों में न्यूनतम तापमान माइनस में होने के कारण नदी, नाले और झीलें जमने लगी हैं। ताबो, कुकुमसेरी के बाद केलांग का न्यूनतम तापमान माइनस में पहुंच गया है। जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में तापमान में गिरावट के चलते ग्रांफू से आगे डोहरनी और छोटा दड़ा के आसपास सड़क पर कोहरा जमने के कारण सीमा सड़क संगठन ने सड़क दुर्घटना होने की संभावना जताई है। लाहौल स्पिति जिला प्रशासन ने आज से कोकसर और लोसर चौकी से ग्रांफू–काजा मार्ग पर सुबह 11 से शाम 3 बजे तक चार घंटे के लिए ही वाहन चलाने की अनुमति दी है।

**आभार**

नगर परिषद हमीरपुर के मनोनीत पार्षद निशांत शर्मा ने परिषद को नगर निगम का दर्जा देने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उनके राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का दर्जा मिलने से हमीरपुर शहर व इसके आसपास के क्षेत्रों का सुनियोजित विकास सुनिश्चित होगा और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

——————————————